सं

# बिहार विधान-सभा वाद्वृत्त ।

## (भाग 1—कार्यवाही—प्रश्नोत्तर ।)

बुधवार, तिथि 18 मार्च, 1981 ई० ।

विषय-सूची ।

प्रश्नों के मौखिक उत्तर—
तारांकित प्रश्नोत्तर सं० 19, 223, 424, 425, 426, 427, 429, 430 एवं 432 । .. 1—
परिशिष्ट (प्रश्नों के लिखित उत्तर) .. .. .. 30—
दैनिक निबन्ध .. .. .. ..

टिप्पणी—किन्हीं मंत्रियों एवं सदस्यों से उनके भाषण के संशोधन प्राप्त नहीं हुए उनके नाम के आगे (*) चिन्ह लगा दिया गया है ।

श्री जनार्दन तिवारी—हुजूर, इनसे विभाग छीन लीजिये।

अध्यक्ष—जहांतक माननीय सदस्य ने नियमन मांगा है तो उसपर मैं अभी अपना नियमन नहीं दूंगा, आपसे भी सुनकर नियमन दूंगा।

श्री नवल किशोर सिंह—इनकी सुविधा के लिये मैं एक बात पूछता हूं। उत्तर दें कि क्या यह बात सही है कि.....।

अध्यक्ष—मैंने इसको स्थगित कर दिया है।

अब प्रश्नोत्तर काल समाप्त हुआ। जिन प्रश्नों के उत्तर तैयार हों उन्हें सदन की मेज पर रख दिये जायें।

---

योजना का कार्यान्वयन।

429. श्री भोला सिंह—क्या मंत्री, श्रम एवं नियोजन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सम्प्रति राज्य-सरकार ने ग्रामीण बेकार युवकों को वर्ष में तीन महीने नियोजन देने के सम्बन्ध में निर्णय लिया है, यदि हां, तो सरकार कबतक संबंधित योजना को कार्यान्वित करने का विचार रखती है ?

श्री योगेश्वर प्रसाद "योगेश"—सरकार अगले वित्तीय वर्ष में राज्य के 67 प्रखंडों में प्रत्येक खेतीहर और अकुशल मजदूर जो स्वेच्छा से बेरोजगार नहीं रहना चाहते हैं, साल में औसतन 100 दिन नियोजन दिलाने का विचार रखती है।

---

अस्पताल खोलने के संबंध में।

434. श्री राम लखण राम रमण—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सरकार ने मधुबनी जिलान्तर्गत जयनगर में सम्प्रति 30 शय्याओं वाले अस्पताल की स्थापना करने का निर्णय लिया है, यदि हां, तो उक्त स्थान पर 30 शय्याओं वाले अस्पताल खोलने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

डा० उमेश्वर प्रसाद वर्मा—उत्तर नकारात्मक है। साल 1980-81 में 33 स्थानों का चयन हुआ है जिसमें जयनगर सम्मिलित नहीं है।

---